# कलयुग में देव निराले बाबा ये खाटू वाले लिरिक्स

कलयुग में देव निराले,
बाबा ये खाटू वाले,
महिमा है इनकी अपरम्पार,
पूजे है सारा संसार,
प्रेमी ने जब भी पुकारा,
लीले चढ़ काम संवारा,
कहलाये जग में लखदातार,
पूजे है सारा संसार,
कलयुग में देव निरालें,
बाबा ये खाटू वाले।bd।

तर्ज – कजरा मोहब्बत वाला।

---

ऐसा ये देव दयालु,
जग में है चर्चा भारी,
अपने ही बने पराये,
साँची है इसकी यारी,
ढूंढ लो चाहे ज़माना,
ऐसा ना लखदातारी,
पांडव कुल के अवतारी,
शोभा है इनकी न्यारी,
सेठों में मोठे साहूकार,
पूजे है सारा संसार,
कलयुग में देव निरालें,
बाबा ये खाटू वाले।bd।

---

सुनवाई होती पल में,
जो भी आता है हार के,
मिल जाती खुशियां सारी,
मौसम पाता बहार के,
कट जाए विपदा सारी,
जो भी जाता निहार के,
सूरत है भोली भाली,
अँखियाँ है कारी कारी,
कहलाता है ये पालनहार,
पूजे है सारा संसार,
कलयुग में देव निरालें,
बाबा ये खाटू वाले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

माथे पर हीरा चमके,
बागा केसरिया पहने,
लीले का है असवारी,
सांवरिया के क्या कहने,
खुश होता हँसता देख के,
प्रेमी है इसके गहने,
‘गौरव’ की झोली खाली,
झोली वो किस्मत वाली,
भरते खुद श्याम धणी सरकार,
पूजे है सारा संसार,
कलयुग में देव निरालें,
बाबा ये खाटू वाले।bd।

---

कलयुग में देव निराले,
बाबा ये खाटू वाले,
महिमा है इनकी अपरम्पार,
पूजे है सारा संसार,
प्रेमी ने जब भी पुकारा,
लीले चढ़ काम संवारा,
कहलाये जग में लखदातार,
पूजे है सारा संसार,
कलयुग में देव निरालें,
बाबा ये खाटू वाले।bd।

**Singer – Adhishtha Anushka Bhatnagar**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com